# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✱ चाचौड़ा ✱ राघौगढ़ ✱ मुंगावली ✱ चंदेरी ✱ पोहरी ✱ कोलारस ✱ जीरापुर ✱ सारंगपुर ✱ बड़नगर ✱ नागदा भोपाल, 28 दिसंबर 2025



**दैनिक जागरण**

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-

रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)


## न्यूज कार्नर

### हिंदू सम्मेलन हेतु शोभा यात्रा व ध्वजा रोहण आज



**जागरण, सुठालिया।** नगर में आगामी 4 जनवरी रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन व इस की जन जागृति हेतु भूमिपूजन, ध्वजारोहन, विशाल शोभायात्रा आज रविवार को निकाली जाएगी। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला, मेन मार्केट, ब्यावरा रोड़, बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर-घर आमंत्रण पत्र वितरित किये व प्रत्येक घर से महिलाओं को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया। वहीं आयोजनकर्ताओं ने शनिवार शाम को संपूर्ण नगर में घर-घर एवं दुकान-दुकान संपर्क कर शोभायात्रा में शामिल होने का नागरिकों से आग्रह किया। यहां बता दे कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओं से सजाया गया है। शोभायात्रा रविवार दोपहर बारह बजे नगर के बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे-ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू होगी इसके पहले यहां नगर के विभिन्न क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल होगी। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचेगी जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया जाएगा।

### एसबीएस स्कूल में वार्षिक स्पोटर्स मीट का शुभारंभ



**तलेन।** एसबीएस विद्यालय में शनिवार को तीन दिवसीय वार्षिक सातवीं के बच्चों के लिए आयोजित इस खेल उत्सव का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक, स्वास्थ्य, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है। स्पोटर्स मीट का उद्घाटन संस्थान चेयरमेन भारत सिंह यादव, वाइस चेयरमेन श्रीमती सावित्री बाई, डारेक्टर नन्दकिशोर यादव एवं प्राचार्य एचएस परमार ने किया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने हाउस का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरी उर्जा और समन्वय के साथ मार्च पास्ट किया। इस मौके पर प्रतिभागियों ने ईमानदारी और खेल के नियमों का पालन करने की शपथ ली। स्पोर्टस मीट में विभिन्न दौड़े 100 मी, 400 मीटर, खो-खो, कबड्डी, बाल पासिंग, जलेबी रेस, फ्रोग रेस, म्यूजिकल रेस, लेमन रेस, बेलेन्सींग, थ्रोविंग इन बकेट शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जेवलिन थ्रो और 30 दिसंबर को अभिभावकों के लिये भी विभिन्न प्रतियोगिताएं शामिल है।

### जिला अस्पताल के दवा के स्टोर रूम में भीषण आग का मामला, संदेह के घेरे में आगजनी की घटना

# सीएमएचओ ने गठित की 5 सदस्यीय टीम, 2 दिन में मांगी रिपोर्ट



**जागरण, ब्यावरा**

जिले की सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों से गंभीर बीमारियों और घायलों सहित प्रसूताओं को जिला अस्पला में रेफर किया जाता है, जहां समुचित दवाइयां और डॉक्टर होने से उनका उपचार होता है। ऐसे में जिला अस्पताल के ही दवाइयों के स्टोर रूम में आग लगने की घटना कहीं न कहीं मरीजों के स्वास्थ्य और उपचार पर संकट दिखाई दे रहा है। हालांकि आग लगने के दूसरे ही दिन जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शोभा पटेल ने दवाइयों के स्टोर रूम में आग लगने के कारण और उसमें हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए 5 डॉक्टरों की एक जांच टीम गठित कर दी है। सीएमएचओ ने टीम से दो दिन में रिपोर्ट तलब की है। वहीं स्टोर रूम में तैनात दो कर्मचारियों को कारण बचाओ नोटिस की कार्रवाई की गई है।

### टीम इन बिंदुओं पर करेगी जांच

सीएमएचओ ने टीम बनाकर दो दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। टीम अपनी रिपोर्ट में घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। जिसमें फाइलों के साथ दवाइयां और इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक होने से उठ रहे महत्वपूर्ण फाइलों को नष्ट करने की साजिश जैसे बिंदुओं की गहनता से जांच करेगी। इसके अलावा आग लगने के कारणों का पता करेगी। आग से स्टोर रूम में कितनी और कौन सी दवाइयों नष्ट हुई, फ्रिज, पंखे, ट्यूबलाइन, एयर कंडिशनर, दवाइयों की बॉटल, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित जरूरी फाइल्स और कंप्यूटर आदि जलने से विभाग को हुए नुकसान को जांच रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

### आगजनी से मची अफरा-तफरी

जिला अस्पताल के दवा स्टोर रूम में शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े चार बजे अचानक भीषण आग लग गई थी। आग लगते ही पूरे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और काले धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, नगर पालिका की टीम और दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। जहां दमकल कर्मियों ने खिड़कियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस दौरान अन्य जगहों से फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया। आगजनी को देख मौके पर बड़ी सं या में लोग जमा हो गए। काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से स्टोर रूम का शटर गेट तोड़ा गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने अंदर पानी डालकर आग पर काबू पाया।

### अब तक की जानकारी में हुआ नुकसान

जिला अस्पताल के दवा स्टोर रूम में बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। सीएमएचओ का कहना तो यह है कि दवाइयों का पर्याप्त स्टाक है, मरीजों के इलाज पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन हुए नुकसान को देखने से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीजों के उपचार में दवाइयों और दवाइयों को स्टोर करके रखने वाली मशीनरी आदि का टोटा पड़ सकता है। क्योंकि स्टोर रूम की दीवारें और छत काली पड़ने के साथ इलट्रानिक सामान जल गए। दवाइयों पिघल गई, इंजेक्शन, दवाइयों के पैकेट और ड्रॉप आदि सब खराब हो गए। पंखे, ट्यूब लाइट और एयर कंडीशनर तक पिघल गए हें। वहीं स्टोर रूम में रखी ढेरों फाइलें जल गईं। दवाइयां, इंजेक्शन और अन्य मेडिकल सामग्री जल गईं।

### आग लगने का कारण बता रहे डीपी में फाल्ट

अब तक की जानकारी में दवाइयों के स्टोर रूम में आग लगने का कारण अस्पताल परिसर में रखी डीपी में फाल्ट के बाद स्टोर रूम में रखे फ्रिज में आग लगने से एक के बाए एक सामान आग की चपेट में आने से आग ने भीषण रूप ले लिया। बताया जा रहा है स्टोर रूम में फार्मासिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर व दो अन्य स्टाफ अंदर ही मौजूद थे। चार लोग मौके पर होने के बाद भी भीषण आगजनी होना कहीं न कहीं घटना संदेह के घेरे में आती है। हालांकि बताया गया है कि कर्मचारियों ने फायर सिलेंडर की मदद से आग बुझाने का प्रयाय किया, लेकिन आग तेजी से फेलने और धुएं से दम घुटने के कारण बाहर निकला पड़ा। इससे आग फैल गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिससे आग पर काबू पाया जा सका।

### 3.8 डिग्री पर लुढ़का पारा, शीत लहर से कांपे लोग ले रहे अलाव का सहारा, फसलों को लाभ

# पचमढ़ी समान राजगढ़ का सबसे ठंडा दिन रहा

**जागरण, ब्यावरा**

मध्य प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी और राजगढ़ जिले में न्यूनतम तापमान गिरकर 3.8 डिग्री सेल्सियस हो गया, जिससे यह सीजन का सबसे ठंडा दिन बन गया है। वर्तमान में उत्तर और मध्य भारत के कई हिस्से भीषण शीतलहर की चपेट में हैं। इसका असर राजगढ़ जिला पर भी पढ़ रहा है। शीत लहर के चलते लोगों में कंपकपी छुड़ा दी है। उल्लेखनीय है 24 दिसंबर 2025 को पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद शनिवार 27 दिसंबर को राजगढ़ में भी पारा 3.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। जिले में एक पखवाड़े से पारा 5 डिग्री से नीचे बना हुआ है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है तेज ठंड के कारण आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। सुबह के समय सड़कों व बाजारों में आवाजाही कम रही। कड़ाके की ठंड के चलते सुबह के समय पेड़ों की पत्तियों पर ओस जम गई। वहीं खेतों में कोहरा, ओस और धुंध से सफेदी दिखाई दी। शीत लहर के चलते पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। हालांकि तेज ठंड से फसलों को फायदा बताया जा रहा है। गेहूं, चना, मसूर, सरसों सहित अन्य फसलों के लिए फायदेमंद है। आगामी दिनों में ठंड फसल की बढ़वार के अलए अच्छी साबित होगी। लेकन पाला पड़ा, तो कुछ फसलों को नुकसान हो सकता है।



### मौसम पूर्वानुमान : कुछ दिन कोहरा और शीत लहर

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों तक घना कोहरा और शीतलहर की स्थिति जारी रहने की चेतावनी जारी की है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

## गुरुद्वारे पर मनाया गुरु गोबिंदसिंह का प्रकाश पर्व



**जागरण, ब्यावरा**

शहर के राजगढ़ रोड़ स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समाज बंधुओं ने सिख धर्म के दसवें गुरु साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान किया गया। कीर्तन और गुरबाणी के मधुर शब्दों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन दरबार के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रेमपूर्वक लंगर प्रसादी ग्रहण की। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो सिख धर्म की समता, सेवा और भाईचारे की परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर संगत द्वारा सर्वत के भलेश की अरदास भी की गई, जिसमें विश्व शांति, मानव कल्याण और आपसी सद्भाव की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज सिख धर्म के दसवें गुरु थे, जिन्हें संत-सिपाही के रूप में जाना जाता है।

उन्होंने मानवता, धर्म की रक्षा, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया तथा खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी सं या में सिख समाज के लोग, नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन एवं सेवादारों द्वारा संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।



## जिस जगह से डकैत शहर में दाखिल हुए, वहीं से जांच शुरू, पुलिस अलर्ट

**जागरण, राजगढ़**

जिला मुख्यालय पर बीते बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात एक दर्जन डकैतों के सुनियोजित और संगठित रूप से मचाए गए ताण्डव, लूट के बाद पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। बीते दो दिनों से पुलिस अपराधियों का सुराग लगाने में लगी है। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर जांच शुरू की है। सूत्रों की मानें तो कुल 12 अपराधी शहर में प्रवेश कर गए थे और उनमें से केवल 9 ने वापसी की है।

ऐसे में 3 अपराधी संभवतः आसपास हो सकते है। उनकी मूवमेंट और सर्विलांस के आधार पर खोजनबीन के लिए पुलिस संकटमोचन बड़ली और मुक्तिधाम के जोड़ पर भगवती ढाबे के सामने शुक्रवार देर शाम वाहनों की चैकिंग की। पुलिस ने बाईक सवारों को रोका, उनके रजिस्ट्रेशन कार्ड चैक किए, मोबाईल नंबर लिए और आधार कार्ड चैक किए। पुलिस ने कारों और ट्रकों को भी रोका और उनसे पूछताछ की। देर शाम तक पुलिस की जांच जारी रही। वहीं घटना के बाद से व्यापारी वर्ग में अपने प्रतिष्ठान और परिजनों की सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त हो रहा है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है।

## ट्रेन से कटकर युवक ने की खुदकुशी

**ब्यावरा।** देहात थाना क्षेत्र में गुना-मक्सी रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सत्यनारायण पिता रमेश चंद्र विजयवर्गीय 53 साल जूना ब्यावरा हाल मुकाम शिवधाम कालोनी के सामने बयावरा ने पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि मृतक रमेशचंद्र विजयवर्गीय पिता भंवरलाल विजयवर्गीय ने मेवाती ढावा बायपास के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## महादेव मवेशी मेला का 28 से होगा आयोजन

**पचोर।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार लगने वाला विश्वनाथ महादेव मवेशी मेला का आयोजन नगर परिषद द्वारा 28 दिसंबर से 11 जनवरी 2026 तक करवाया जाएगा। इस हेतु 28 दिसंबर को विश्वनाथ महादेव मंदिर पर अभिषेक पूजन का आयोजन नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया द्वारा पार्षद गणों की मौजूदगी में करवाया जाएगा तथा दुकान ध्वज पूजन एवं सलामी का आयोजन मेला ग्राउंड स्थित चावड़ी स्थल पर 10.30 बजे होगा चावड़ी पूजन के उपरांत नपा अध्यक्ष द्वारा 3 जनवरी 2026 को चावड़ी कैंप में मौजूद रहेंगे। झंडा विसर्जन 11 जनवरी 2026 को होगा इस तरह से नगर परिषद ने क्षेत्र के मवेशी पाल को एवं व्यापारियों से पशुपतिनाथ महादेव मेले को सफल बनाए जाने की अपील करते हुए अपने खरीदने और बेचने वाले पशुधन को मेला ग्राउंड में लाकर उपयुक्त अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। मेले में मवेशी पालकों को सुरक्षा विद्युत एवं पशुओं के साथ उनके पीने का जल का प्रबंध हमेशा की भांति नगर परिषद द्वारा सुलभ करवाया जाएगा।

## कॉलेज चलो अभियान : छात्र-छात्राओं ने किया महाविद्यालय का भ्रमण

**जागरण, राजगढ़**

कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय प्रधानमंत्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के छात्र-छात्राओं का शासकीय व्यावसायिक महाविद्यालय राजगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों तथा छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों का अवलोकन भी कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में महाविद्यालयीन शिक्षा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सुश्री ज्योति आठिया, डॉ. गिरिराज शर्मा, सुश्री कृतिका आचार्य, डॉ. सीताराम सिमोलिया, डॉ. सरफराज आलम, डॉ. फरीदा परवेज एवं शिवलाल गुजराती उपस्थित रहे।



### मनाया वीर बाल दिवस

**ब्यावरा।** स्थानीय-नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित एनएसएस इकाई, एनसीसी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में वीर बाल दिवस मनाया गया। गायत्री मंत्र एवं मां शारदा की स्तुति करते हुए एनएसएस अधिकारी डॉ. केएन मीना द्वारा वीर बाल दिवस पर अपने विचार रखते हुए कहा है कि यह दिवस सिख धर्म के दसवें गुरु और खालसा पंथ के प्रवर्तक गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रभारी प्राचार्य प्रो.अरविंद भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों को अपने धर्म, अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा दी। सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने बताया कि साहबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, साहस एवं निडरता से अपने कर्म एवं धर्म का पालन करना चाहिए।


**आयोजन** हरिओम तत्सत महाराज ने पहले ही बता दिया था अपने मोक्ष का दिन और समय

# पुण्यतिथि पर आज निकलेगी शोभायात्रा, चरण पूजा का होगा आयोजन

**जागरण, राजगढ़**

अंचल के प्रसिद्ध संत हरिओम तत्सतजी महाराज कह पुण्यतिथि पर आगामी 28 दिस बर को शोभायात्रा और चरण पूजा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति हरिओम तत्सतजी महाराज सत्संग मण्डली राजगढ़ की ओर से आनंद त्रिपाठी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 28 दिस बर रविवार के दोपहर 3 बजे नगर के बड़ा सत्यनारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही चरण पादुका पूजन भी की जाएगी।

अममून तौर पर संत शब्द का आशय केवल देना ही होता है। यानी संत वास्तव में समाज को देते है, समाज से कुछ लेते नहीं। ऐसे संतों को ही समाज युगों, युगों तक याद रखता है। नगर में भी ऐसे ही चमत्कारिक संत हुए जिन्हें अधिकांश लोग अपना गुरू मानते है। नगर में प्रख्यात संत हरिओम तत्सत जी महाराज का नाम ऐसे ही संतों में शामिल किया जाता है। एक ऐसे संत जिन्होंने गृहस्थ छोड़ा 27 वर्षों तक अन् ग्रहण नहीं किया। आंखों की रोशनी के बाद ईलाज की उम्मीद भी नहीं की।



**मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव मंदिर के समीप तय किया :** 28 दिसम्बर 1968 का दिन। हरिओम तत्सत जी महाराज ने अपने अनुयायियों से कहा कि वे अगले ही दिन मोक्ष को प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपने मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव मंदिर के समीप तय किया। वे एक दिन पूर्व ही वहां पहुंच गए। साधन में लीन होकर वे ब्रम्हलीन हो गए। अगले दिन 29 दिस बर 1968 को सुबह नगर में खबर फैल गई, जो लोग इस चमत्कारिक घटना के साक्षी बने उन्हें स्वयं पर विश्वास नहीं था। लेकिन दस्तावेजों में इस घटना का उल्लेख है। इस बात की पुष्टि उनके साथ एक दिन पूर्व खोयरी उन्हें छोड़ने गए उनके अनुयायी करते है और अपने मोक्ष का समय स्थान उन्होंने खुद तय किया। नगर में एक दिन पूर्व उन्होंने अपने मोक्ष की घोषणा कर दी थी और अगले ही दिन निर्धारित समय पर उन्होंने शरीर छोड़ दिया। साधन स पत्र ब्रा हण परिवार में जन्मे हरिओम तत्सत महाराज को युवावस्था में ज्योतिष, संस्कृत आदि की निपुणता हासिल हुई और समाज में बढ़ते विकारों को दूर करने उन्होंने संत बनने की ठान ली। इसके बाद जीवन के अंतिम समय तक वे गृहस्थ एवं भौतिक सुविधाओं से कोसों दूर रहकर केवल समाज एवं नगर हिंत में अपना जीवन होम दिया।

**कौन थे हरिओम तत्सत जी महाराज :** नगर में हरिओम तत्सत महाराज को परमहंस की उपाधि से विभूषित किया है। हरिओम तत्सत जी महाराज का जन्म 1 मार्च 1885 को भागवताचार्य जगन्नाथ त्रिपाठी के घर हुआ था। इसके बाद युवावस्था में उन्होंने गृह त्याग कर दिया। नगर में उन्होंने कई अनुयायियों को दीक्षा दी। काशी में उन्होंने लगातार 12 वर्षों तक ज्योतिष एवं संस्कृत की शिक्षा ली। उनकी पहचान अंचल में भक्त वत्सल्य सद्गुरू आध्यात्म के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में जानी जाती है। 1931 में उन्होंने अन् ग्रहण न करने का संकल्प लिया और निर्वाण पर्यन्त तक अपने संकल्प पर अडिग रहे। वे दिन भर में एक बार लाहार एवं एक गिलास दूध का सेवन करते थे।

**पारायण चौक की भेंट दी और निर्माण प्राप्त किया :** नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव के केन्द्र बिंदु पारायण चौक एवं कालांतर में गीता मानस प्रचार समिति की स्थापना हरिओम तत्सत जी महाराज की देन है। पुराने समय में बड़े सत्यनारायण मंदिर के सामने नगर में पारायण होता था। इसके बाद नए स्थल की आवश्यकता महसूस हुई और महाराजश्री ने तत्कालीन राजा से पारायण चौक वाले स्थान पर मंदिर निर्माण की कार्यवाही करवाई। राजा ने उनके आदेश पर पारायण चौक भवन का निर्माण 17 अक्टूबर 1968 को तत्काल निर्माण शुरू करा दिया। पारायण चौक में आज भी नगर के सभी उत्सवए त्यौहार यात्रा सहित धार्मिक प्रयोजन स पन्न होते है।

## आयुष चिकित्सा शिविर में किया पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण

**जागरण, पचोर**




श्रीमान जिला आयुष अधिकारी महोदय के आदेश अनुसार 24 दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूम नंबर 10 में समय 10 बजे से 2 बजे तक पेंशनरों का स्वास्थ्य परिक्षण शिविर लगाया। डॉ. विकास शर्मा मेडिकल ऑफिसर पचोर एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति में पेंशनर एसोसिएशन शाखा पचोर के अध्यक्ष कैलाश नारायण शर्मा द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना तथा दीप जलाकर शिविर प्रारंभ किया। डॉ. ज्योतिवाला वर्मा आयुर्वेद चिकित्सा नोडल अधिकारी व डॉक्टर दीपा नामदेव, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंसाफ अहमद अंसारी, यूनानी चिकित्सा अधिकारी द्वारा पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण की गई। पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा दवा सेवन की विधि बताई तथा ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की गई। 62 से 85 वर्ष तक के पेंशनरों ने चिकित्सा लाभ अर्जित कर आयुष चिकित्सा विभाग को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर केएन तिवारी, डॉ. बीके अग्रवाल, गोपाल प्रसाद शर्मा, हरिनारायण सक्सेना व रमेश चंद्र शर्मा ओम प्रकाश पाराशर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज कार्नर

### वरिष्ठ पत्रकार रमेश गौड़ आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



महिदपुर। नगर में आंचलिक पत्रकार संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में उज्जैन प्रेस क्लब के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष श्री नंदलाल यादव के सम्मान समारोह में श्री यादव का शाल श्रीफल से स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक द्वारा वरिष्ठ पत्रकार रमेश गौड़ को आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने घोषणा की गई। जिसका उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि व पुष्प मालाओं से स्वागत करते रमेश गौड़ को बधाईयां दी।

### अटल मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



**जागरण नागदा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 7 दिवसीय अटल मेले में स्नेह संस्था के विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए झूले, चकरी रेलगाड़ी एवं क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेलों का आनंद लिया । इस अवसर पर स्नेह संस्था के संस्थापक पंकज मारू ने बताया कि बौद्धिक दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास हेतु उन्हें विशेष शिक्षा के साथ-साथ समय-समय पर सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाता है । इससे बच्चों की सामाजिक समझ, आत्मविश्वास एवं बौद्धिक क्षमता में सकारात्मक वृद्धि होती है। अटल मेला भ्रमण कार्यक्रम के अवसर पर विशेष बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठाया और झूले, चकरी, रेलगाड़ी के साथ-साथ क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेलों में सहभागिता भी की कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत एवं नपा परिषद् नागदा के उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा आदि।

# 154 करोड़ से संवरेगा कालभैरव धाम मंगलनाथ में 117 करोड़ का दूसरा चरण

## सिंहस्थ की तैयारियों को रफ्तार, दत्त अखाड़ा जोन में बनेगा 40 करोड़ का नया प्रशासनिक भवन



**जागरण उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर के बाद उज्जैन का दूसरा सबसे प्रमुख धार्मिक केंद्र कालभैरव मंदिर अब नए स्वरूप में नजर आएगा। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के संचालक मंडल ने कालभैरव मंदिर के समग्र विकास के लिए 154 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही मंगलनाथ मंदिर के दूसरे चरण के विकास कार्य पर भी मुहर लगाई गई है, जिस पर 117 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

सिंहस्थ महापर्व की व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए दत्त अखाड़ा जोन में 40 करोड़ की लागत से दूसरा प्रशासनिक कार्यालय बनाने का भी निर्णय लिया गया है।

शुक्रवार को संभागायुक्त आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई उज्जैन विकास प्राधिकरण की बैठक में सीईओ संदीप सोनी ने शहर और सिंहस्थ से जुड़े विकास प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। संचालक मंडल ने सभी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

### कालभैरव मंदिर का बढ़ेगा दायरा

बैठक में सबसे अहम प्रस्ताव महाकाल के सेनापति कहे जाने वाले भगवान कालभैरव के मंदिर के विकास से जुड़ा रहा। 154 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले इस प्रोजेक्ट का मास्टर प्लान भोपाल के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) द्वारा तैयार किया गया है। योजना के तहत मंदिर परिसर का आगे से पीछे तक समग्र विकास किया जाएगा, जिससे परिसर का दायरा बढ़ेगा और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन, बेहतर कतार व्यवस्था, प्रतीक्षालय, सुविधाजनक मार्ग और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उद्देश्य है कि बढ़ती श्रद्धालु संख्या के अनुरूप मंदिर को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार किया जाए।

### मंगलनाथ मंदिर में विकास का दूसरा चरण

इसी तरह उज्जैन के प्राचीन और खगोलीय महत्व वाले मंगलनाथ मंदिर में विकास के दूसरे चरण को भी हरी झंडी दे दी गई है। इस चरण पर 117 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके तहत श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विस्तार, परिसर सौंदर्यीकरण और अधोसंरचना को मजबूत करने पर फोकस रहेगा।

### दत्त अखाड़ा जोन में बनेगा सिंहस्थ दफ्तर

सिंहस्थ मेले की विशाल व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए दत्त अखाड़ा जोन में 40 करोड़ रुपए की लागत से नया प्रशासनिक भवन बनाया जाएगा। इस भवन के निर्माण से सिंहस्थ के दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय और व्यवस्थाओं का संचालन सुचारू रूप से किया जा सकेगा।

### शहर के विकास से जुड़े अन्य प्रस्ताव भी मंजूर

बैठक में शहर के यातायात और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाले कई अन्य कार्यों को भी स्वीकृति दी गई। इनमें महाराजवाड़ा से हरसिद्धि तक फोरलेन सड़क निर्माण, शनिमंदिर के पीछे क्षिप्रा नदी पर टू-लेन ब्रिज और देवासगेट से महाकाल क्षेत्र तक इंटर मॉडल स्टेशन के विकास जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

**स्वीकृत प्रमुख परियोजनाएं**

- कालभैरव मंदिर का समग्र विकास 154 करोड़ रुपए
- मंगलनाथ मंदिर का दूसरा चरण - 117 करोड़ रुपए
- दत्त अखाड़ा जोन में नया सिंहस्थ प्रशासनिक भवन - 40 करोड़
- महाराजवाड़ा-हरसिद्धि फोरलेन सड़क
- शनिमंदिर के पीछे क्षिप्रा पर टू-लेन ब्रिज
- देवासगेट-महाकाल क्षेत्र इंटर मॉडल स्टेशन का विकास

# शीतकालीन अवकाश व नव वर्ष आगमन पर महाकाल में श्रद्धालुओं का सैलाब

## दो दिन से रोजाना दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे मंदिर



**जागरण उज्जैन।** शीतकालीन अवकाश और नववर्ष के चलते श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ गई है। पिछले दो दिनों से प्रतिदिन दो लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने एक बार फिर दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत आम दर्शनार्थियों को अब केवल त्रिवेणी (महाकाल लोक) द्वार से ही प्रवेश दिया जा रहा है।

शनिवार को व्यवस्था लागू होने के पहले ही दिन सुबह आम दर्शनार्थियों की कतार त्रिवेणी गेट से बाहर निकलकर शक्ति पथ तक पहुंच गई।

पहले हरसिद्धि मार्ग से होते हुए बड़ा गणेश मंदिर के सामने से जो एंट्री दी जा रही थी, उसे शनिवार से बंद कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए प्रमुख मार्गों पर सांकेतिक बोर्ड भी लगाए गए हैं।

### नई दर्शन व्यवस्था

नई व्यवस्था के अनुसार आम दर्शनार्थी त्रिवेणी द्वार से प्रवेश कर बैरिकेड्स के माध्यम से मानसरोवर भवन तक पहुंचेंगे।

यहां से गणेश मंडप और कार्तिक मंडप होते हुए भगवान महाकाल के दर्शन कर वापस लौटेंगे। इस दौरान श्रद्धालु कतार में रहते हुए महाकाल लोक का दृश्य देख सकेंगे, लेकिन अन्य दिनों की तरह महाकाल लोक में घूमने की अनुमति नहीं रहेगी।

वहीं शीघ्र दर्शनार्थियों को अब गेट नंबर-4 के स्थान पर अवंतिका गेट से प्रवेश दिया जाएगा। प्रोटोकॉल दर्शनार्थियों के लिए पहले की तरह नीलकंठ द्वार से ही प्रवेश की व्यवस्था बनी रहेगी।

**प्रमुख बिंदु एक नजर में**

- शीतकालीन अवकाश व न्यू ईयर से बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या
- रोजाना दो लाख से अधिक भक्त महाकाल दर्शन को पहुंच रहे
- आम दर्शन केवल त्रिवेणी (महाकाल लोक) द्वार से
- शीघ्र दर्शन अवंतिका गेट से, प्रोटोकॉल नीलकंठ द्वार से
- लड्डू निर्माण यूनिट में कर्मचारी 30 से बढ़ाकर 55
- काल भैरव मंदिर पर भीड़, धक्का-मुक्की और मारपीट की घटना

### लड्डू प्रसाद यूनिट में बढ़ाई कर्मचारियों की क्षमता

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने लड्डू प्रसाद निर्माण की क्षमता भी बढ़ा दी है। चिंतामण स्थित लड्डू निर्माण यूनिट में कर्मचारियों की संख्या 30 से बढ़ाकर 55 कर दी गई है। अब दो शिफ्ट में प्रतिदिन करीब 5000 किलो लड्डू तैयार किए जा रहे हैं। इसके साथ ही लगभग 700 किलो रागी के लड्डू भी प्रतिदिन बनाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को प्रसाद की कमी न हो।

### काल भैरव मंदिर पर भीड़ से अव्यवस्था

इधर, काल भैरव मंदिर पर भी शनिवार को भारी भीड़ का दबाव देखने को मिला। आम श्रद्धालुओं को कतार में लगकर तीन से चार घंटे में दर्शन हो पाए।

भीड़ के चलते सुबह मंदिर के बाहर धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इस दौरान दर्शनार्थियों और गार्ड के बीच मारपीट की भी सूचना सामने आई है। गुस्साए श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के बाहर लगाए गए कई बैरिकेड्स को हटाकर तितर-बितर कर दिया, जिससे कुछ देर के लिए अव्यवस्था फैल गई।

# 9 दिन बाद फिर 7.3 डिग्री पर रात का पारा

## 24 घंटों में ही रात का पारा 1.7 डिग्री गिरा, शाम से सुबह के बीच अब भी सता रही सर्द हवाएं



**जागरण उज्जैन।** शहर में रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान में एक बार फिर नीचे आया है। आज 9 दिनों बाद न्यूनतम तापमान गिरकर फिर 7.3 डिग्री पर पहुंचा है। 9 दिनों से यह 8 से 11 डिग्री के नीचे ही बना हुआ था। इस बीच कई दिनों तक यह 11 डिग्री से ऊपर भी रहा है। तापमान में कमी से तीखी ठंड का एहसास फिर होने लगा है। दिन में भी सर्द हवाएं चल रही है।

वेधशाला स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। वहीं रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री रहा। यह भी सामान्य से 2 डिग्री कम, लेकिन कल की अपेक्षा 1.7 डिग्री नीचे था। यानी 24 घंटे में ही न्यूनतम तापमान में 1.7 डिग्री की गिरावट आई। इस दौरान दवाओं की दिशा पूर्वी रही और अधिकतम रफ्तार 13 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंची।

मौसम विभाग के अनुसार 18 दिसंबर के बाद से ही न्यूनतम तापमान लगातार 9 डिग्री के आसपास बना हुआ था। इस बीच पारा 8 डिग्री तक भी पहुंचा, जिसने पिछले कई सालों के रिकॉर्ड तोड़े। वहीं अब हवाओं का रुख उत्तरी से बदलने पर तापमान में तेजी आई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक आज रात तापमान में फिर कमी आने की संभावना है।

### आज मनाया जाएगा कांग्रेस संगठन का स्थापना दिवस

**महिदपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन के 141 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों का सम्मान समारोह 28/12/25 को प्रातः 11 बजे, राजपूत बोर्डिंग, बीनपुरा रोड़ महिदपुर आयोजित होगा। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़ ने बताया कि कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष व तराना विधायक महेश परमार के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता एवं नागदा - खाचरोद के पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर एवं जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के विशेष आतिथ्य में होगा।

# अटल जयंती सुशासन सप्ताह के अंतर्गत किया गया भूमिपूजन




**जागरण महिदपुर।** ग्राम पंचायत बीनपुरा में सुशासन सप्ताह अंतर्गत अटल जयंती के कार्यक्रम एवं व्ही जीरामजी ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्षा श्रीमति उमा पाण्डे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामचन्द्र आंजना, सुधीर मूणत, दिनेश ग्रोवर, अर्जुनसिंह ठाकुर ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं अतिथियों व्दारा अटलबिहारी वाजपेयी जी गारंटी फॉर रोजगार एड आजीविका मिशन ग्रामीण के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी । कार्यक्रम में सरपंच राकेश पटेल व्दारा अतिथियों का पुष्पाहार एवं शाल पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम पश्चात शांतिधाम बीनपुरा में 5वाँ वित्त से सीमेंट कांक्रीट एवं अटल उद्यान का भूमि पूजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, भा.ज.पा. मंडल अध्यक्षा उमा पान्डे, वरिष्ठ भाजपा नेता रामचन्द्र आंजना, सुधीर मूणत, अर्जुनसिंह ठाकुर, दिनेश ग्रोवर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उपसरपंच बहादुर सिंह, पंच पति पर्वतलाल, निर्भयसिंह आंजना एवं अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मन्त्री गोविंद शर्मा ने किया तथा आभार सरपंच राकेश पटेल ने माना।

# कटे नाम जुड़वाने जन्म और पते के प्रमाण के साथ देना होगा घोषणा पत्र

## सभी केंद्रों पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे मतदाता, व्यवस्था में जुटे अधिकारी

**जागरण उज्जैन।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया, जिसमें कुल 1 लाख 37 हजार 487 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। इसके साथ ही मैपिंग नहीं होने के कारण मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए और इन्हें निर्धारित दस्तावेजों के साथ दावा-आपत्ति प्रस्तुत करनी होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदाता सूची के अद्यतन एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मे नए मतदाताओं के साथ-साथ वे मतदाता भी आवेदन कर सकेंगे, जिनके नाम भूलवश मतदाता सूची से कट गए हैं या जो स्थानांतरण के कारण सूची से बाहर हो गए थे। ऐसे सभी मतदाताओं को निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से पुनः नाम दर्ज कराने का अवसर दिया गया है।

जिले में प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद अब 22 जनवरी तक दावा-आपत्तियां ली जाएंगी। इसके बाद सुनवाई कर नाम जोडने या हटाने के अंतिम आदेश जारी किए जाएंगे। सुनवाई के लिए जिले में केंद्र बनाए गए हैं। नियमों के अनुसार एक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एक दिन में अधिकतम 50 प्रकरणों की ही सुनवाई कर सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और सात दिन बाद उनकी सुनवाई की जाएगी। निर्वाचन विभाग के अनुसार फॉर्म-6 उन नवीन मतदाताओं के लिए निर्धारित है, जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है। इस फॉर्म के माध्यम से पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। फॉर्म-6 के साथ आवेदक को एक पासपोर्ट साइज फोटो, आयु प्रमाण (10वीं अथवा 12वीं की अंकसूची), निवास प्रमाण पत्र तथा बिजली बिल जैसे दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।इसके अतिरिक्त यदि कोई मतदाता प्रदेश से बाहर शिफ्ट होने के कारण मतदाता सूची से हट गया था और अब पुनः नाम दर्ज कराना चाहता है, तो उसे भी फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन करना होगा। सभी मामलों में घोषणा पत्र में यह शपथ देना आवश्यक है कि आवेदक ने किसी अन्य देश की नागरिकता प्राप्त नहीं की है तथा उसका नाम किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है।निर्वाचन अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नाम कट गया हो, जानकारी गलत हो या नया पंजीयन कराना हो, तो समय रहते सही फॉर्म, घोषणा पत्र, माता-पिता की जानकारी और पते के प्रमाण के साथ आवेदन करें।

### बीएलओ और अधिकारियों की तैनाती

सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि नो-मैपिंग वाले मतदाता निर्धारित दस्तावेजों के साथ दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। जन्मतिथि के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। दावा-आपत्ति के त्वरित निराकरण के लिए जिले में अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एआरओ) की नियुक्ति की गई है, वहीं दस्तावेजों के सत्यापन के लिए विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को नोडल अधिकारी बनाया जा रहा है। तेजी से काम करने के लिए विभाग ने विशेष तैयारी की है।

### नाम जुड़वाने की प्रक्रिया भी शुरू

प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद मतदाता सूची में नाम जोडने का कार्य भी शुरू हो गया है। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके नए मतदाता या अन्य पात्र नागरिक फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वा सकेंगे। इसके लिए जन्म और पते का प्रमाण देना होगा तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) भरना अनिवार्य रहेगा। यदि मतदाता 2003 में पंजीकृत था, तो उस समय के बूथ और विधानसभा की जानकारी देनी होगी, अन्यथा माता या पिता की 2003 की जानकारी देना आवश्यक होगा।

### 21 फरवरी को होगी अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

एसआईआर की अधिसूचना 27 अक्टूबर को जारी हुई थी। 4 नवंबर से 18 दिसंबर तक गणना पत्रक भरे गए और 23 दिसंबर को प्रारूप सूची प्रकाशित की गई। अब 22 जनवरी तक दावा-आपत्तियों की सुनवाई होगी, जबकि 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

### नोटिस के बाद इस तरह देना होंगे दस्तावेज

- 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच जन्मे मतदाताओं को चिन्हित 12 दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।
- 1 जुलाई 1987 से 2003 के बीच जन्मे मतदाताओं को स्वयं के साथ माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देना होगा।
- 1 जनवरी 2003 के बाद जन्मे मतदाताओं को स्वयं के साथ माता-पिता दोनों के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए भाजपा के 12 पार्षदों ने खोला मोर्चा

## नियम विरुद्ध कार्यों की शिकायत के साथ कलेक्टर से की मुलाकात, दिया आवेदन

**जागरण नागदा।** शहर में विधानसभा चुनावों के बाद से भाजपा में शुरू हुआ अंतर कलह अब भी जारी है द्य भाजपा के ही आधे निर्वाचित पार्षदो ने लंबी खींचतान के बाद अब नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष के खिलाफ विगत तीन सालों में लगातार नियम विरुद्ध कार्य करने को लेकर अविश्वास प्रस्ताव हेतु आवेदन देकर मोर्चा खोल दिया है, पहले भी सभी पार्षदों ने नपाध्यक्ष के लिए भी अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तैयारी की लेकिन समय सीमा बढ़ाये जाने के कारण कोई नतीजा नहीं निकला।

शुक्रवार को 12 भाजपा पार्षदों ने जिला कलेक्टर रोशन सिंह को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया है द्य भाजपा पार्षद अंतिम मावर ने बताया कि नगर पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पार्षदो ने इसलिए पेश किया गया कि 20 जुलाई 2022 में 22 पार्षदो को नागदा की जनता अपार जन समर्थन से भाजपा को निर्वाचित किया। निर्वाचित होने की वजह पूर्व अध्यक्ष विमला चौहान, शोभा यादव, गोपाल यादव, राजेन्द्र अवाना, अशोक मालवीय का स्वर्णिम कार्यकाल रहा नतीजा भाजपा की परिषद 22 पार्षदो के साथ बहुमत में आई लेकिन 3 वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो रहा है हमने सड़क, शुद्ध पेयजल, साफ सफाई के मुद्दे पर चुनाव जीता। वर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली इन तीनो मुद्दो पर असफल रही। लगभग 225 प्रस्ताव में से 150 प्रस्ताव पर काम ही नहीं तो पाया राजनैतिक संरक्षण के प्राप्त होने से म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 43 के अन्तर्गत नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 2 वर्ष के अन्तर्गत लाने का प्रावधान था लेकिन पूर्व में भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया लेकिन राज्य सरकार ने 2 वर्ष के प्रावधान को 3 वर्ष कर दिया फिर जागरूक पार्षदो ने 3 वर्ष उपरान्त फिर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया लेकिन राजनैतिक संरक्षण के वजह से 3 वर्ष के प्रावधान को साढ़े चार वर्ष कर दिया गया लेकिन जिला कलेक्टर के पत्र क्रं. 248/25/ दिनांक 18.09.2025 के परिपत्र में याचिकाकर्ता को अवगत कराया गया कि यदि उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव चाहते है तो संशोधित मांग पत्र यदि पार्षदो द्वारा पेश किया जाता है विधि अनुसार कल 12 निर्वाचित पार्षदो के परिवर्तित विधिक प्रावधानो के तहत उपाध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

### ये लगाए आरोप

पार्षदों ने आवेदन में बताया की अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नियमों के विपरीत नगर पालिका संचालित की जा रही है तथा धारा 71 की विभागीय समिति के 80 प्रतिशत पार्षदो के त्यागपत्र पश्चात धारा 70 के अन्तर्गत पीआईसी कर 40-40 लाख रूपये के प्रस्ताव 1-1 लाख के हजारो फर्जी बिल बनाकर पिछले 3 वर्षो से व 42 लाख रू. की रोटरी जिसमें बाज पिंजरे में बंद है, तथा बद्रीविशाल चैक पर 85 हजार रूपये का त्रिशुल आदि के कार्य करके करोड़ो रूपये का भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### इन्होंने किए हस्ताक्षर

अविश्वास प्रस्ताव पर निर्वाचित पार्षदो में उषा सिसोदिया, शिवकुमार पोरवाल, मंजु गगरानी, सीमा राणावत, अन्तिम मावर, महेन्द्रसिंह चौहान, शशीकांत मावर, स्नेहलता सेंगर, सतीश कैथवास, उषा यादव, साहिल शर्मा, गोलू यादव ने हस्ताक्षर कर शहर के समग्र विकास सुशासन परिषद भ्रष्टाचार मुक्त हो इसलिए अविश्वास प्रस्ताव हेतु आवेदन दिया है।

# भागवत कथा की पूर्णाहुति पर श्रद्धालुओं को दिलाया अच्छे कार्य करने का संकल्प



**जागरण जगोटी।** जीवन में प्रकृति का एक सनातन नियम है आप दूसरे को जो भी देते हो चाहे वह प्रेम हो नफरत हो, घृणा, कर्ज, स्नेह या अन्य कोई व्यवहार वह किसी ना किसी रूप में कभी भी लौटता है इसलिए जीवन के हर क्षण में हम सही कार्यों में संलग्न रहें यही भगवान की सच्ची आराधना है। उक्त उद्गार जगोटी से छः किमी पश्चिम में स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भागवत कथा की पुर्णाहुति पर साध्वी सुगणा बाई ने बड़ी संख्या उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष व्यक्त किए। आपने उपस्थित श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया कि वे अपनी उर्जा अच्छे कार्यों में लगाते हुए अहंकार व व्यसनों से दूर रहेंगे।

भागवत कथा की पूर्णाहुति में पहुंचे उज्जैन विधि कालेज के छात्र गण योगांश शर्मा जगोटी, विवेक गुर्जर गौंनसा, शैलेन्द्र प्रजापति शक्कर खेड़ी, गौतम बैरागी दीपेश पाटीदार आदि युवाओं को साध्वी जी ने अपनी उर्जा राष्ट्र व अच्छे समाज के निर्माण में लगाने का आव्हान किया। आयोजन में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष भेरूसिंह आंजना महूडी, जगोटी के पूर्व उपसरपंच अशोक हेड़ा, विजय सिंह मीण, पूर्व सरपंच हाकमसिंह आंजना खुरचनिया आदि का साफा पहनाकर कर सम्मानित किया गया।

मंदिर में प्रतिवर्ष होने वाली धार्मिक कथाओं का आयोजन जगोटी, मैलानिया सहित क्षेत्र के चौबीस गांवों के श्रद्धालुओं की सहभागिता से होता है। कथा की पूर्णाहुति पर आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

# 48 मिनट की सामायिक जिन शासन में मुक्ति का द्वार है

**जागरण महिदपुर।** प्रतिदिन 24 घंटे में से मनुष्य 48 मिनिट की शुद्धतम सामायिक कर लेता है तो संसार में रहते हुए भी मुक्ति का द्वार खुल सकता है। सामायिक करने का अवसर केवल मनुष्य योनि में ही प्राप्त हो सकता है देव योनि में उत्पन्न जीव को भी यह अवसर नहीं मिलता है। इसलिए मन वचन काया से शुद्ध स्वरूप में की गई सामायिक जीवन मरण से मुक्ति का द्वार है। यह बात स्थानक भवन में प्रवचन में फरमाते हुए महा सती पुण्य शिलाजी म सा ने कही। महा सती जी ने आगे फरमाया कि मन वचन काया के 32 दोषों को टालकर पूनिया श्रावक की तरह सामायिक करने वाले श्रावक का उदाहरण शास्त्रों में भी है कि किस तरह से चक्रवर्ती महाराजा श्रेणिक भी पूनिया श्रावक की सामायिक का मूल्य करोड़ों स्वर्ण मुद्राओं के अनंत पहाड़ बनाकर देने को तत्पर थे,बावजूद शुद्सामायिक के पुण्य प्रतिफल के आगे तराजू का पलड़ा किंचित भी नहीं झुक पाया जिससे यह बात भगवान महावीर के समय में प्रतिपादित हुई कि जो श्रावक संयम नहीं ले पाते उनके लिए भी 48 मिनिट की शुद्ध सामायिक करते हुए संसार में भी साधु जीवन को अंगीकार कर मुक्ति के द्वार खुल सकते हैं।

# महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों की घर वापसी

## विधायक की पहल और पुलिस की तत्परता से लौटे 35 मजदूर

**जागरण अशोकनगर/मुंगावली।** विगत दिनों स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाया गया कि जिले के मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के कुछ महिला एवं पुरुष मजदूर रोजगार हेतु महाराष्ट्र गए थे, जो महाराष्ट्र के सोलापुर क्षेत्र में फंसे हुए है। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव एवं एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर थाना प्रभारी मुंगावली एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर को मजदूरों की शीघ्र एवं सुरक्षित घर वापसी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में एसपी राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुंगावली उनि.अरविन्द सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम यादव द्वारा संबंधित मजदूरों से संपर्क स्थापित किया गया। मजदूरों ने बताया कि लगभग एक से डेढ़ माह पूर्व मजदूरी करने महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले के शेलगांव गए थे, परंतु वहां कार्य की विभिन्न प्रकार की स्थानीय परिस्थितियों के कारण वह वापस अपने घर लौटना चाहते थे, किंतु कुछ कारणवश लौट नहीं पा रहे थे। थाना प्रभारी मुंगावली उनि. अरविन्द सिंह एवं थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम यादव द्वारा संबंधित क्षेत्र में संपर्क कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए निरंतर प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप सोलापुर क्षेत्र के शेलगांव में कार्यरत लगभग 35 महिला-पुरुष मजदूर एवं बच्चों के, शनिवार को सकुशल अपने अपने घर वापस आ गये हैं। एसपी राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि विगत दिनों स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाया गया कि अशोकनगर जिले के मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के मजदूरों के महाराष्ट्र राज्य के सोलापुर जिले में फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई थी,उनकी सकुशल घर वापसी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया गया है। अशोकनगर पुलिस सदैव जनहित एवं मानवता की सेवा के लिए तत्पर है।



## न्यूज कार्नर

### ट्रक में भरी थीं 26 भैंसें पुलिस ने पकड़ कर मुकदमा दर्ज किया



**बहादुरपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बंगला चौराहा और घाट बमूरिया के बीच 26 भैंसों से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ये भैंसें विदिशा के सिरोंज से उत्तर प्रदेश के झांसी.आगरा ले जाई जा रही थीं। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिरोंज निवासी खल्ली उर्फ खल्ला खान 38 और मुरैना के कैथरी निवासी टिंकू उर्फ रामनिवास गुर्जर ;22द्ध के रूप में हुई है। थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने बताया कि पुलिस को ट्रक आने की सूचना मिली थी। इसके बादए रात करीब 3 बजे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीई 2872 को रोका गया। जांच करने पर उसमें भैंसें भरी मिलीं पुलिस ने तुरंत ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### नवांकुर संस्था ने बताया जल का महत्व

**जागरण चंदेरी।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड चन्देरी के सेक्टर क्रमांक 2 प्राणपुर अंतर्गत आदर्श ग्राम प्राणपुर में जल गांगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मप्र शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के निंदेशन एवं जिला धीस महोदय आदित्य प्रताप सिंह एवं मप्र जन अभियान परिषद् के जिला सम्वयक बद्री प्रसाद चौहान के निर्देशन में शासकीय पीएम श्री हाईस्कूल प्राणपुर मे नवांकुर संस्था विवेकानंद शिक्षा समिति चन्देरी द्वारा एक जल संरक्षण हेतु जल का महत्व बताया गया। सचिव सैम्य पुष्प त्रिवेदी द्वारा छात्र एवं छात्राओं एवं स्टाफ को जल संरक्षणा की शपथ के साथ जीवन में पानी के महत्व की चर्च की कार्यक्रम मे विकास खण्ड समन्वयक दीपक पटेरिया, परामर्शदाता सुश्री मनीषा सोनी एवं विद्यालय के प्राचार्य लतीफ खान पठान, श्याम किशोर मिश्रा,करीम खान आदी समस्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# आयुक्त ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**जागरण अशोकनगर।**


आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री द्वारा विभिन्नो विभागों की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनओं की समीक्षा कर आवश्याक निर्देश दिये।

उन्होंने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा मार्केटिंग,खाद वितरण हेतु ई-टोकन प्रणाली,उर्पाजन, कामधेनू योजना तथा एक बगिया मॉ के नाम विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य पोषण के संबंध में जिला चिकित्सालय में बैठकों का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सिकल सेल, एनआरसी में बच्चों की उपस्थिति,गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण,आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। रोजगार उद्योग निवेश के संबंध में जिले में उद्योगों के लिये भूति हस्तांरण,एक जिला एक उत्पाद,जियो टैग,ब्राडिंग,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,पीएम विश्वरकर्मा योजना,उद्यम क्रांति योजना की समीक्षा कर निर्देश दिये गए। नगरीय विकास के संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना अवैध कालोनी की निगरानी समिति की बैठकें आयोजित किये जाने निर्देश दिये गए।

# संस्कार एकेडमी स्कूल में वीर बाल दिवस का आयोजन

**जागरण अशोकनगर।** बड़खेड़ी-गुना रोड स्थित संस्कार अकैडमी स्कूल में आज वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को साहिबजादा जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादा फतेह सिंह जी के अद्वितीय बलिदान और वीरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही बच्चों को साहिबजादों के जीवन और बलिदान पर आधारित फिल्म भी दिखाई गई, जिससे वे उनके साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प से प्रेरित हो सकें। विद्यालय के निदेशक राजदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस के महत्व तथा साहिबजादा फतेह सिंह जी और साहिबजादा जोरावर सिंह जी के जीवन से मिलने वाली प्रेरणाओं के बारे में बताया।

# आवक से गुलजार उपमंडी, लेकिन अव्यवस्थाओं से परेशान किसान



## परिसर में धूल, न पानी, न छांव, तौल के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा

**बहादुरपुर।** करीबन पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई कस्बे की कृषि उप मंडी इन दिनों आवक से गुलजार है। बीते दो ढाई महीने से उप मंडी में औसतन प्रतिदिन पांच हजार बोरी उपज की आवक हो रही है जो कि मुंगावली मंडी से भी अधिक है किंतु यहां की सुविधाओं पर अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां आने वाले किसानों को इन अव्यवस्थाओं से हर दिन दो चार होना पड़ रहा है। बताया गया है कि परिसर में सबसे बड़ी समस्या धूल की है। जब परिसर की सीसी कराई गई थी, तब ही स्थानीय लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे। दो बार इस निर्माण की जांच भी हुई लेकिन सब कुछ रफा दफा कर दिया गया। अब वाहनों की आवाजाही से सीसी पूरी तरह से उखड़ गई है और परिसर में धूल ही धूल पसरी रहती है। वाहनों के आने जाने से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। दूसरी प्रमुख समस्या पेयजल की है। यहां की प्याऊ तक पाइप पहुंचाने वाले पाइप जगह जगह से टूट गए हैं। अब प्याऊ पूरी तरह से बंद हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए मंडी कर्मचारियों ने कुछ कैन रख दी हैं और एक टंकी रखी हुई है। मंडी व्यापारियों को फड़ आवंटित नहीं होने से उन्होंने कृषक विश्राम गृह से लेकर छतरियों तक कब्जा कर रखा है। जिससे किसान आराम करने के लिए भी परेशान रहते हैं। किसानों का कहना है कि मंडी में तौल कांटा नहीं होने से एक से दो किलोमीटर दूर धर्मकांटा कराने जाना पड़ता है। इसी तरह कस्बे में कोई राष्ट्रीय कृत बैंक शाखा नहीं होने से किसानों को भुगतान में देरी होती है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले किसानों को कई बार भुगतान मिलने में रात हो जाती है।

# लगान क्रिकेट क्लब के टूर्नामेंट का शुभारंभ, हुए मैत्री मैच

## पुलिस, पटवारी और पत्रकारों ने दिखाया हुनर



**जागरण अशोकनगर।** लगान क्रिकेट क्लब अशोक नगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का भव्य शुभारंभ आज दिनांक 27 दिसंबर को एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार अशोकनगर भारतेंदु यादव द्वारा किया गया।

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए सद्भावना मैच में तीन मुकाबले खेले गए। पहला मैच राजस्व 11 और पत्रकार 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार 11 ने निर्धारित 10 ओवर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खड़ा 53 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्व लेने लक्ष्य का पीछा करते हुए 4.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे। जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। दिन के दूसरे मैच में पुलिस विभाग 11 और नगर पालिका 11 के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस विभाग ने निर्धारित 10 ओवर में 91 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नगर पालिका 11 ने निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए इस मैच के मैन ऑफ द मैच आईपीएस परमार रहे। जिन्होंने पुलिस 11 की जीत में महत्वपूर्ण 42 रन बनाएं।

दिन के तीसरे और फाइनल मैच में राजस्व विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 102 रन बनाए, जिसमें गौरव त्यागी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 बालों पर 50 रन बनाए पुलिस 11 का पीछा करते हुए मात्र 14 रन से मैच हार गई। इस मैच के मैन ऑफ द मैच गौरव त्यागी रहे। आज के कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका में रहे आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल धकाते,संजू दैलवार,जगभान यादव, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र अहिरवार, गौरव त्यागी, विनोद बेरसिया, राजदीप सिंह, जेपी पाजी,पुलिस विभाग से रावतसर, पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी, जसप्रीत जस्सी,विवेक खरे आदि मौजूद रहे।

रविवार से लीग मैच स्टार्ट होंगे। इसमें पहला मैच ग्रुप बी का रक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल और बालाजी 11 के बीच सुबह 10 बजे खेला जाएगा दिन का दूसरा मैच ग्रुप से बीबीसी चंदेरी और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच खेला जाएगा। इसी क्रम में दिन का अंतिम और तीसरा मैच ग्रुप बी का किंग्स ऑफ आवरी सरपंच 11 और रक्षा मोबाइल एस राधाकृष्णन स्कूल के बीच खेला जाएगा।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से देहात थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा और शांति भंग करने वाले 6 व्यक्तियों को रंगेहाथ पकड़कर उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। एसपी अमन सिंह राठौड़, एएसपी संजीव मुले एवं एसडीओपी शिवपुरी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई 26 दिसंबर 2025 की शाम को की गई, जब पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से शराब पीने वालों के खिलाफ घेराबंदी की। भ्रमण के दौरान पुलिस ने आईटीबीपी गेट के पास, सैया होटल के पास एबी रोड फोर लाइन, वेयरहाउस के सामने गुना नाका, हवाई पट्टी के पास झांसी रोड, गौशाला रोड तथा हवाई पट्टी के सामने से छह लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए पकड़ा। इन सभी के विरुद्ध धारा 36-बी आबकारी अधिनियम के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सामाजिक वातावरण सुरक्षित बना रहे। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, प्रधान आरक्षक दीपचन्द्र, आदेश धाकड़, देवेन्द्र सेन सहित अन्य आरक्षकों की अहम भूमिका रही।

# ठेकेदार ले गया था, घर लौटकर मिली सांसें

## शिकायत मिलने के बाद शिवपुरी पुलिस 48 घंटे में ले आई



**जागरण, शिवपुरी।** सुभाषपुरा थाना अंतर्गत ग्राम सेंवड़ा के आदिवासी मजदूरों के महाराष्ट्र में फंसे होने की सूचना पर शिवपुरी पुलिस ने मानवीय संवेदना, तत्परता और अंतर्राज्यीय समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए महज 48 घंटे के भीतर 15 मजदूरों को सकुशल वापस लाकर उनके परिजनों को राहत दी है।

जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर 2025 को ग्राम सेंवड़ा निवासी अशोक आदिवासी सहित अन्य ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी एवं थाना सुभाषपुरा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गांव के नीतेश आदिवासी के माध्यम से सोलापुर महाराष्ट्र के एक ठेकेदार द्वारा गन्ना कटाई के लिए करीब ढाई माह पूर्व 5 परिवारों के 23-24 लोगों को ले जाया गया था। मजदूरी के बाद कुछ लोग तो लौट आए, लेकिन तीन परिवारों के 14-15 लोग वहीं फंसे रह गए। पीड़ितों ने फोन पर बताया कि नीतेश आदिवासी मजदूरी की रकम लेकर फरार हो गया, जिसके चलते ठेकेदार ने उन्हें पैसे न देकर वहीं रोक लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया और स्वयं महाराष्ट्र में फंसे मजदूरों से संपर्क कर उनका मनोबल बढ़ाया।

मोबाइल लोकेशन के आधार पर मजदूरों के सोलापुर जिले के पंढरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिराचीकिरौली में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने सोलापुर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी एवं एसडीओपी पंढरपुर प्रशांत डगले से समन्वय स्थापित किया। सुभाषपुरा थाना प्रभारी राजीव दुबे के माध्यम से पंढरपुर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जांच में स्पष्ट हुआ कि नीतेश आदिवासी ही मजदूरी की राशि लेकर उन्हें छोड़कर भाग आया था।

आर्थिक तंगी, संसाधनों के अभाव और लगभग 1400 किमी की दूरी को देखते हुए शिवपुरी पुलिस ने सोलापुर पुलिस के सहयोग से विशेष क्रूजर वाहन की व्यवस्था कराई। परिणामस्वरूप सूचना के मात्र 48 घंटे के भीतर बनवारी आदिवासी, सरबती, नीलम, रामबरन, लालाराम, सोमबती, ललिता, संदीप, साजन, नंदनी, संतोष, काजल, सुजना एवं संगीता सहित कुल 15 आदिवासी मजदूरों को सकुशल शिवपुरी लाकर उनके ग्राम सेंवड़ा पहुंचाया गया।

# डीआरडीओ का मौसम परीक्षण बैलून गिरा, आर्मी टीम जांच कर ले गई



**जागरण, शिवपुरी।** सीहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरौआ गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विशाल मौसम परीक्षण बैलून आसमान से गिरकर खेत में आ लगा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से ग्रामीणों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाद में पुष्टि हुई कि यह बैलून रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का है, जिसे मौसम परीक्षण के उद्देश्य से श्योपुर से छोड़ा गया था।

बैलून नरवर तहसील के नरौआ गांव निवासी किसान खेरु पुत्र हरनाम सिंह रावत के खेत में गिरा। गनीमत रही कि बैलून में कोई व्यक्ति सवार नहीं था और न ही किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही सीहोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए बैलून को अपने कब्जे में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को सूचित किया गया, जिसके बाद आर्मी की एक विशेष टीम गांव पहुंची। टीम ने बैलून की तकनीकी जांच-पड़ताल की और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उसे अपने साथ श्योपुर ले गई। इस दौरान एहतियातन ग्रामीणों की आवाजाही पर भी नजर रखी गई। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह बैलून नियमित मौसम परीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा था और इसके गिरने से किसी प्रकार का खतरा नहीं था। उल्लेखनीय है कि दिसंबर माह में यह दूसरी घटना है, इससे पहले भी जिले के सिरसौद थाना क्षेत्र में ऐसा ही बैलून गिर चुका है, जिससे लोगों में कौतूहल बना हुआ है।

# एनएसयूआई ने छात्रहितों में कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## 7 दिन में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन



**जागरण, शिवपुरी।** छात्रहितों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को लेकर एनएसयूआई शिवपुरी शहर ब्लॉक अध्यक्ष समीर खान के नेतृत्व में आज शासकीय एस.एम.एस. पीजी कॉलेज (पीएम एक्सीलेंस कॉलेज) के प्राचार्य को 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं और छात्रों को हो रही परेशानियों को लेकर प्रदर्शन करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से बढ़ती हुई रिमेनिंग फीस में कमी, लंबे समय से बंद पड़ी कॉलेज बस को पुनः चालू करने, कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर सुचारू रूप से संचालित करने, आगामी परीक्षाओं के दौरान छात्रों एवं महिला स्टाफ के साथ मर्यादित व्यवहार सुनिश्चित करने, स्टाफ की समय पर उपस्थिति, नियमित छात्रों के लिए पुस्तकालय की बेहतर व्यवस्था, छात्र संघ चुनाव की मांग को शासन-प्रशासन के समक्ष रखने, एलिजिबिलिटी/आईजीवाई सर्टिफिकेट से जुड़ी समस्याओं का विश्वविद्यालय के माध्यम से समाधान कराने जैसी मांगें शामिल रहीं। इसके साथ ही कॉलेज भवन की सुंदरता को प्रभावित कर रहे कोचिंग संस्थानों के अवैध प्रचार-प्रसार पर भी सवाल उठाते हुए एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई है तो संबंधित सामग्री हटाकर कार्रवाई की जाए, ताकि कॉलेज की गरिमा और सौंदर्य बना रहे। एनएसयूआई शहर ब्लॉक अध्यक्ष समीर खान ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जो अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सात दिन के भीतर सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर एनएसयूआई शहर ब्लॉक अध्यक्ष समीर खान, शैलेश परमार, दानिश खान, अनुज धाकड़, आमिर खान, फरदीन खान, आफताब खान, सोहिल खान, अरमान हुसैन, फरहान खान, राहुल जाटव, रवि सेन, रेहान खान, शाहिद खान, जैनुल हुसैन, हर्ष नागर, उदय कसेरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माधव टाइगर रिजर्व में पिंजरा खुलते ही बाघिन ने जंगल में लगाई छलांग



**जागरण, शिवपुरी।** माधव टाइगर रिजर्व में शनिवार सुबह एक हाई अलर्ट ऑपरेशन के तहत नई बाघिन को खुले जंगल में रिलीज किया गया। जैसे ही पिंजरे का दरवाजा खोला गया, बाघिन ने एक पल भी गंवाए बिना तेजी से जंगल की ओर दौड़ लगाई, मानो वर्षों से आजादी का इंतजार कर रही हो। इस रोमांचक पल ने मौके पर मौजूद वन अमले की सांसें थाम दीं। बाघिन के सुरक्षित जंगल में समा जाने के साथ ही माधव टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर अब 8 हो गई है।

वन विभाग के अनुसार, यह बाघिन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाई गई थी। सुबह करीब 9 बजे रिजर्व के मध्य क्षेत्र में उसे पूरी सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच छोड़ा गया। रिलीज से पहले इलाके को पूरी तरह सील किया गया था, ड्रोन और ट्रैकिंग टीम अलर्ट मोड पर थी, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। इस समय माधव टाइगर रिजर्व में 4 मादा बाघ, 2 नर बाघ और 2 शावक मौजूद हैं। खास बात यह है कि सितंबर में बाघिन एमटी-3 ने दो शावकों को जन्म दिया था, जिससे रिजर्व में बाघों का कुनबा और मजबूत हुआ। बाघों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी और सुरक्षा को और सख्त कर दिया है। गौरतलब है कि करीब 27 साल के लंबे अंतराल के बाद 10 मार्च 2023 को माधव नेशनल पार्क में बाघों का पुनर्वास शुरू हुआ था। उस ऐतिहासिक दिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में पहले नर और मादा बाघ को जंगल में छोड़ा गया था। इसके बाद लगातार चरणबद्ध तरीके से बाघों का पुनर्वास होता रहा और माधव को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिला।

## नववर्ष से पहले प्रशासन सख्त: बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन, रैली व जुलूस पर जिलेभर में रोक

**जागरण, शिवपुरी।** आगामी नववर्ष और विभिन्न त्योहारों को देखते हुए जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपूर्ण जिला शिवपुरी में बिना वैध अनुमति धरना, प्रदर्शन, रैली और जुलूस आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश के अनुसार, जिले के किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, रैली या जुलूस आयोजित करने से पूर्व आयोजनकर्ता को संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) से पूर्व वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि यह निर्णय आमजन की सुविधा, सुरक्षा और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बीते वर्षों में नववर्ष एवं त्योहारों के दौरान भीड़भाड़, यातायात अवरोध और कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं सामने आती रही हैं। इन्हीं संभावित परिस्थितियों से निपटने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस आदेश का उल्लंघन करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 सहित अन्य सुसंगत अधिनियमों के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसमें जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। प्रशासन ने आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी आयोजन से पहले नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

### सरचार्ज में सौ फीसदी तक छूट का लाभ

**जागरण, सीहोर।** विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायेदार उपभोक?ता योजना के प्रथम चरण में ही अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मप्र सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरण चल रहा है।

### पर्यावरण एवं कानूनों की जानकारी दी

**जागरण, सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर प्रकाश चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत लाडकुई में विधिक जागरूकता शिविर लगा। न्यायाधीश एवं सचिव स्वप्नश्री सिंह ने नालसा द्वारा शीतऋतु के दौरान पर्यावरण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में हो रही निरंतर गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए प्रारंभ की गई प्रोटेक्ट टुडे, सिक्योर टुमारो पैन-इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता के संबंध में विस्तार से बताया।

## संक्षिप्त न्यूज

### आज भी 4 घंटे तक कई जगह गुल रहेगी बिजली

**गुना।** शहर के बूढ़े बालाजी सब-स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मोहल्लों में रविवार 28 दिसंबर को विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।
मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के सहायक प्रबंधक (शहर) ने जानकारी देते हुए बताया कि 33/11 के.व्ही. बूढ़े बालाजी सब-स्टेशन पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत आवश्यक कार्य किया जाना है, जिसके चलते प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रखी जाएगी। इस दौरान हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, पुरानी छावनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड, सरस्वती विहार, बूढ़े बालाजी, पवन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, मरघट शाला के पास वाला क्षेत्र, माथुर कॉलोनी, सोनी कॉलोनी, धाकड़ कॉलोनी, राजीव पार्क एरिया, हरिओम किराना और कुशवाह मोहल्ला जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह पूरी तरह बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त 11 केव्ही पिपरौदा फीडर और 11 केव्ही सकतपुर पम्प फीडर से जुड़े क्षेत्रों में भी इस कटौती का असर देखा जाएगा।

### विवेकानंद जयंती पर रेडक्रास में सेवा सप्ताह

**गुना।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिले भर में युवाओं, विद्यार्थियों, समाज के विभिन्न वर्गों एवं आमजन को जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, नशामुक्ति और सेवा से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेवा सप्ताह की शुरूआत 6 जनवरी को गांधी वोकेशनल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता से होगी। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भूपेन्द्र धाकरे एवं संजय राठी रहेंगे। 7 जनवरी को पी.जी. कॉलेज में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर आधारित संवाद कार्यक्रम, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### सूर्यमुखी हनुमान मंदिर के पास आज से बहेगी भागवत ज्ञान गंगा

**गुना।** शहर में धर्म, आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलने वाला है। सूर्यमुखी हनुमान मंदिर स्थित नवीन विद्या मंदिर स्कूल परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आध्यात्मिक महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ रविवार, 28 दिसंबर को एक ऐतिहासिक और विशाल कलश यात्रा के साथ होगा। कथा के प्रथम दिन, रविवार को प्रातःकाल नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर चलेंगी। भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ निकलने वाली इस यात्रा से संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय हो जाएगा। कलश यात्रा के समापन के पश्चात कथा स्थल पर विधिवत पूजन और संगीत के साथ कथा का श्रीगणेश होगा।

### अच्छे संस्कारों के लिए बच्चों को अवश्य भेजें संस्कार केंद्र

**गुना।** शहर की शिवपुरम कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप संस्कार केंद्र में शुक्रवार को एक सेवाभावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुफलाम सेवा न्यास, इंदौर के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्र के बच्चों को कड़ाके की ठंड से राहत देने के लिए ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों और समिति सदस्यों ने उपस्थित अभिभावकों एवं कॉलोनी वासियों से संवाद किया।

### शास्त्री पार्क में आज फिर सजेगा जैविक हाट बाजार

**गुना।** जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर गुना के शास्त्री पार्क सब्जी मंडी में रविवार को एक बार फिर साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में शुरू हुआ यह बाजार 28 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक नागरिकों के लिए खुला रहेगा। कलेक्टर किशोर कन्याल ने इस पहल को किसानों और नागरिकों दोनों के लिए लाभकारी बताया है। उन्होंने कहा कि जैविक हाट बाजार किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ शहरवासियों को रसायन-मुक्त, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल रहा है।

### सांदीपनि विद्यालय के बाहर सुरक्षा भगवान भरोसे, 30 गांवों से आते हैं बच्चे

# स्कूल के सामने हाईवे, सड़क पर नहीं बने स्पीड ब्रेकर 1070 छात्रों के लिए बड़े हादसे के इंतजार में प्रशासन

**जागरण, गुना।** जिले के सांदीपनि विद्यालय डोंगर में पढ़ने वाले 1070 छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की बड़ी अनदेखी सामने आई है। करीब 30 गांवों से आने वाले इन मासूमों के लिए स्कूल पहुँचना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सभी स्कूलों में बस सेवा शुरू करने की स्पष्ट घोषणा के बावजूद, इस विद्यालय में अब तक यह सुविधा बहाल नहीं हो सकी है। नतीजतन, बच्चे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर बिना परमिट वाले ऑटो और अन्य असुरक्षित साधनों से सफर करने को मजबूर हैं।

जानकारी के मुताबिक विद्यालय की भौगोलिक स्थिति खतरे को और बढ़ा देती है क्योंकि स्कूल के ठीक सामने से व्यस्त स्टेट हाईवे गुजरता है। विडंबना यह है कि इतना बड़ा शैक्षणिक केंद्र होने के बाद भी यहाँ न तो वाहनों की गति थामने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही ड्राइवरों को सचेत करने के लिए स्कूल जोन के चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। हाल ही में एमपीआरडीसी द्वारा हाईवे पर नए सूचक बोर्ड लगाए जाने के बाद वाहनों की रफ्तार पहले से अधिक बढ़ गई है, जिससे हादसे की आशंका हर पल बनी रहती है। बता दें कि कुछ समय पूर्व बमोरी में सांदीपनि विद्यालय के बच्चों पर डंपर चढ़ने से दो मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।



गुना। खतरनाक सड़क पार करने के लिए मजबूर होते हैं छात्र।

इस रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना के बावजूद डोंगर विद्यालय के बाहर सुरक्षा के कोई अतिरिक्त इंतजाम नहीं किए गए। स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों में प्रशासन की इस सुस्ती को लेकर गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बस सेवा शुरू नहीं की गई और हाईवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हुए, तो किसी भी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है। अभिभावकों ने स्पष्ट कहा है कि भविष्य में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए सीधे तौर पर जिला प्रशासन और संबंधित विभाग जिम्मेदार होंगे।

### 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# पल्लवी-कान्हा बॉस्केटबाल स्पर्धा में दिखाएंगे दमखम



**जागरण, गुना।** गुना की छात्रा पल्लवी धाकड़ एवं छात्र कान्हा प्रजापति मंदसौर में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की ओर से भाग ले रही हैं। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदसौर में 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कोचिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, जबकि 2 जनवरी से 6 जनवरी तक राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि पल्लवी धाकड़ इससे पहले भी 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं, जो पिछले वर्ष पटियाला (पंजाब) में आयोजित हुई थी। पल्लवी एवं कान्हा की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के खेल अधिकारी देवेंद्र पाटेरिया, बास्केटबॉल के नोडल प्रभारी मनोज शर्मा, एनआईएस कोच सचिन सक्सेना, राहुल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एवं अनिल सूद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# अमेरिका से बहन की शादी में आए युवक को लूटा, मारपीट



**जागरण, गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे बाहर से आए मेहमानों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं।ताजा घटनाक्रम शहर के टेकरी रोड निवासी तरुण राठौर के साथ घटित हुआ है, जो वर्तमान में अमेरिका की एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं और इन दिनों अपनी छोटी बहन की शादी में शामिल होने के लिए गुना आए हुए हैं। शुक्रवार रात करीब 9 बजे जब तरुण अपने घर से सिसौदिया कॉलोनी स्थित एक दोस्त से मिलने जा रहे थे, तभी दुर्गा कॉलोनी के पास 6 से 8 अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। बदमाशों ने जबरदस्ती करते हुए तरुण को शांति पब्लिक स्कूल के पास एक सुनसान खेत में ले जाकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। तरुण का दावा है कि मारपीट के दौरान बदमाशों ने युवक से दो चांदी की चेन और 5000 रुपए नकद लूट लिए। बदमाशों की लूट की नीयत यहीं खत्म नहीं हुई उन्होंनेने तरुण को डरा-धमकाकर उनसे यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए और भी पैसों की मांग की। गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों की नजर उन पर पड़ी, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं, खासकर पुलिस और परिजनों के बयानों में दिख रहे विरोधाभास नजर आ रहा है। सिटी कोतवाली टीआई सीपीएस चौहान का कहना है कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और फिलहाल कोई भी आरोपी पकड़ में नहीं आया है। वहीं, दूसरी ओर पीड़ित के परिजनों का दावा है कि कुछ लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया है। अब पुलिस के आधिकारिक बयान और परिजनों के दावे में कौन सही है और कौन गलत, यह जांच का विषय है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### आदेश बेअसर! गुना में ही खुलेआम बिक रहे अंडे और मीट

# कार्यवाही नहीं होने से दुकानदार बेखौफ, लोग पूछ रहे-सीएम के आदेश का क्या हुआ?

**जागरण, गुना।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने कार्यभार संभालते ही जिस पहले और सबसे महत्वपूर्ण आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, वह था—खुले में मांस, मछली और अंडों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध। आज सरकार अपने कार्यकाल के दो सफल वर्ष पूरे कर चुकी है, लेकिन गुना जिले में जमीनी हकीकत इसके उलट है। मुख्यमंत्री का वह ड्रीम प्रोजेक्ट आदेश अब बेअसर साबित हो रहा है और प्रशासन की सुस्ती के चलते खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

गुना शहर सहित पूरे जिले में मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए मीट सामग्री और अंडों की बिक्री जारी है। जिला प्रशासन की शुरूआती कार्रवाई के बाद दुकानदार अब पूरी तरह बेखौफ हो चुके हैं। शहर के अंदरूनी इलाकों की बात तो दूर, अब स्टेट हाईवे पर भी झोपड़ियों और ढाबों के बाहर अंडे सजाकर बेचे जा रहे हैं। पड़ताल में सामने आया है कि ढाबा संचालक शराब पीने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सड़क किनारे ही टेबलें लगा देते हैं, जहाँ खुलेआम मांसाहार का परोसा जाना आम बात हो गई है। कुछ समय पूर्व नगर पालिका ने रेलवे स्टेशन मार्ग से बिरयानी के ठेले हटवाए थे, जिस पर सत्ताधारी दल के दो गुटों में भारी विरोधाभास और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। प्रशासन के ढुलमुल रवैये का फायदा उठाते हुए अब स्टेशन रोड पर एक बार फिर बिरयानी और अंडों के ठेले सज गए हैं। इससे स्टेशन आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को न केवल दुर्गंध, बल्कि भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



#### नाबालिगों से कराया जा रहा काम

गंभीर बात यह है कि इन दुकानों पर न केवल सीएम के आदेश का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि बाल श्रम को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। अधिकांश अंडों की दुकानों पर नाबालिग बच्चे तैनात हैं। या तो ये बच्चे खुद दुकान संचालित कर रहे हैं या इन्हें बेहद कम मजदूरी पर काम पर रखा गया है। यह सीधे तौर पर बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन है, जिस पर प्रशासन की नजर नहीं जा रही है।

#### दो साल बाद भी ढाक के तीन पात

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन समय-समय पर अभियान तो चलाता है, लेकिन वह महज %फोटो खिंचवाने% तक सीमित रहता है। कुछ दिनों की कार्रवाई के बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। राज्यमार्गों पर पुलिस की निरंतर गश्त होने के बावजूद इन अवैध दुकानों पर कोई कार्रवाई न होना पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत की ओर इशारा करता है। आम जनता अब सवाल पूछ रही है कि जब मुख्यमंत्री के पहले ही आदेश का दो साल बाद यह हाल है, तो अन्य घोषणाओं का क्या होगा?

### झंडा यात्रा के साथ दुर्गा मैदान पर भूमिपूजन

**गुना।** जिले के प्रत्येक गांव और बस्ती में आयोजित किए जा रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में अब गुना नगर की बूढ़े बालाजी बस्ती में भी भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसी तारतम्य में टेकरी रोड स्थित दुर्गा मैदान पर विधि-विधान से भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसके साथ ही आगामी हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का औपचारिक शंखनाद कर दिया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़े बालाजी मंदिर से निकली एक विशाल झंडा यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बस्ती के सभी मोहल्लों और गलियों से नागरिक शामिल हुए। इस यात्रा में विशेष रूप से मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र केसरिया रंग में रंगा नजर आया। झंडा यात्रा के कार्यक्रम स्थल पहुँचने के पश्चात संत-महात्माओं के पावन सान्निध्य में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ भूमि पूजन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इसके तुरंत बाद धर्मध्वज की स्थापना की गई और शंखनाद के साथ हिंदू सम्मेलन के कार्यों की शुरूआत हुई। भूमि पूजन के बाद आयोजित बैठक में आयोजन समिति ने आगामी जनसंपर्क अभियान और सम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की है। समिति का मुख्य लक्ष्य समाजजनों को इस आयोजन से जोड़कर इसे भव्य स्वरूप प्रदान करना है।

## महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती पर निकाला चल समारोह

### समाज ने दिया एकजुटता का परिचय



**जागरण, गुना।** क्षत्रिय खंगार समाज गुना ने महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी की जयंती शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जो शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। जयंती कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारंभ सुबह 11 बजे भव्य चल समारोह के साथ हुआ। यह चल समारोह रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित एक निजी होटल से शुरु होकर जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा और तैलघानी चौराहा जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, जिसने समाज की एकता और शौर्य का प्रदर्शन किया। चल समारोह के आयोजन स्थल पर विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार नितिन अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार और गुना विधायक पन्नालाल शाक्य अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोशन परिहार सरपंच, युवा जिला अध्यक्ष मोनू सिंह परिहार की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में गुना सहित कई जिलों से आए समाजबंधुओं ने सहभागिता दर्ज कराई।

### पाइप लाइन-सामुदायिक भवन का भूमिपूजन आज

**कुंभराज।** नगरवासियों को पेयजल संकट से राहत दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत शिव टेकरी मंदिर परिसर के पास पानी की टंकी, पाइपलाइन एवं सामुदायिक भवन के निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार, 28/12/2025 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 3 करोड़ रुपये की लागत से 5 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी एवं 10 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के निर्माण के साथ-साथ विधायक निधि से 12 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एस डी आर एफ योजना अंतर्गत 56 लाख का नाला, एम आर एफ कम्पोस्टिंग प्लांट 36लाख का टोटल 4करोड़ के विकाश कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा इस परियोजना के पूर्ण होने पर नगर में अतिरिक्त जल भंडारण एवं वितरण क्षमता विकसित होगी, जिससे सभी वार्डों में नियमित एवं पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम राजगढ़ लोकसभा सांसद रोडमल नागर, चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची, गुना जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार तथा नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा यह परियोजना कुंभराज नगर के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ का हल्लाबोल



**जागरण, गुना।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर अपनी लंबित मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। अपनी 15 सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिए संघ द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत गुना में भी चरणबद्ध तरीके से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए हैं। तीन चरणों में चला अभियान गुना इकाई द्वारा आयोजित इस आंदोलन के पहले चरण में जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को ज्ञापन देकर मांगों से अवगत कराया गया। इसके बाद दूसरे चरण में कर्मचारियों ने गुना विधायक पन्नालाल शाक्य से मुलाकात कर अपनी आवाज बुलंद की। आंदोलन के तीसरे और अंतिम चरण में कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यालय पहुंचे और वहां ज्ञापन सौंपकर केंद्र व राज्य स्तर पर अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। पदनाम परिवर्तन और सीधी भर्ती लघु वेतन कर्मचारी संघ लंबे समय से अपनी 15 मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है। संगठन की मुख्य मांगों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर तत्काल सीधी भर्ती शुरू करना और %भृत्य% पदनाम को परिवर्तित कर %कार्यालय सहायक% करने की मांग शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि पदनाम परिवर्तन से उन्हें सामाजिक सम्मान मिलेगा और वे बेहतर ऊर्जा के साथ कार्य कर सकेंगे। इसके अलावा अन्य सेवा शर्तों और भत्तों को लेकर भी ज्ञापन में विस्तार से उल्लेख किया गया है।

### प्राथमिक विद्यालय सोजना पहुंचे कलेक्टर, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# बच्चों से सीधे सवाल कर शिक्षकों का किया मूल्यांकन

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शनिवार को गुना विकासखंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय सौजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने कक्षाओं में जाकर बच्चों की उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल पूछे और उनके उत्तर देने के तरीके से उनके शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया। कलेक्टर ने बच्चों से उनके भविष्य के लक्ष्यों और सपनों के बारे में भी बात की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल आएं, मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्यों के प्रति हमेशा सजग रहें। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था और उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्कूल के शिक्षण वातावरण को और अधिक बेहतर बनाने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम गुना शिवानी पांडे, तहसीलदार गुना जी.एस. बैरवा एवं तहसीलदार गुना ग्रामीण कमल मंडेलिया भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शाखाओं को किया सम्मानित

कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज बैंक के समस्त शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति, ऋण वसूली और आगामी लक्ष्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारिता मुकेश जैन, बैंक सीईओ कमल मकाश्रे और लेखा प्रबंधक विजय बहादुर सिंह सहित सभी शाखा एवं समिति प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बैंक द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने पर जोर देते हुए कहा कि प्रगति की दैनिक रिपोर्ट बैंक मुख्यालय भेजी जाए।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

**गुना।** जिले के खेल इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। यहाँ के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित नोडल खेल केंद्र में 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 26 से 31 दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों और 7 विभिन्न खेल संगठनों के लगभग 420 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। रिंग में दिखा जबरदस्त उत्साह प्रतियोगिता के पहले दिन सुबह 10 बजे से ही रिंग में मुक्कों की गूँज सुनाई देने लगी। विभिन्न वजन वर्गों में हुए मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन से गुना के खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। प्रतियोगिता का समापन 31 दिसंबर को होगा, जहाँ देश के नए जूनियर बॉक्सिंग चैंपियंस का फैसला होगा।